हर जनम में सँवारे का साथ चाहिए

हर जनम में सँवारे का साथ चाहिए,
सर पे मेरे नाथ तेरा हाथ चाहिए,
सिलसिला ये टूटना नहीं चाहिए,
मुझको बस इतनी सी सौगात चाहिए,

मेरी आंखों के तुम तो तारे हो,
जान से ज्यादा मुझे प्यारे हो,
रूठे सारी दुनिया, तुम रूठना नहीं,
मुझको तेरे प्यार की बरसात चाहिए,

मेरी दुनिया को तुम बसाये हो,
मेरी सांसो में तुम समाये हो,
दिन में साथ साथ तुम रहो मेरे,
सपनो में आते रहो, वो रात चाहिए,

मुझपे तेरी कृपा यु कम ना हैं,
फिर भी छोटी सी एक तमन्ना है,
मर ना जाये श्याम तुझे याद करके,
जीते जी एक तुमसे मुलाकात चाहिए,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/3224/title/har-janam-main-sanware-ka-sath-chahiye-ser-me-mere-nath-tera-hath-chahiye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |